सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

‘राष्ट्रीय युवा दिवस’—स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती पर राज्यपाल का बधाई संदेश

राजभवन देहरादून 11 जनवरी, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने युवाओं के प्रेरणास्रोत, समाज सुधारक, युवा युगपुरूष स्वामी विवेकानंद की जयन्ती पर सभी नागरिकों विशेषतः युवाओं को शुभकामनायें दी हैं।

अपने संदेश में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा है कि **“स्वामी विवेकानन्द जी का दर्शन, सिद्धान्त, आध्यात्मिक विचार और आदर्श युवाओं के लिए सशक्त ऊर्जा स्रोत है। युवाओं को सफलता के लिए धैर्य, सहिषुणता, व्यवहार में शुद्धता, निष्पक्षता तथा आपसी स्नेह भाव से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना होगा। युवाओं के बल, बुद्धि, पवित्र व निस्वार्थ सेवा से ही देश का पुनरोत्थान सम्भव है।”**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा—**“अपने अभिभावकों, गुरूजनों व स्वस्थ परम्पराओं का आदर करें तथा समानता के सिद्धांत पर चलकर अपनी प्रतिभा, क्षमता, दक्षता, कर्मठता व ईमानदारी से उपार्जित ऊर्जा को निर्भीकता से समाज के हित में लगायें। दृढ़ विश्वास है कि ज्ञान, मूल्यों, भौतिक समृद्धि व आध्यात्मिकता के मेल से समृद्ध युवा शक्ति देश का भाग्य बदल कर भारत को आदर्श विश्व शक्ति के रूप में स्थापित कर सकती है।”**

——0——

‘राष्ट्रीय युवा दिवस’ पर राज्यपाल का कार्यक्रम

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयन्ती के अवसर पर दून विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित वेबीनार को सम्बोधित करेंगे।

——0——